आपको कहीं नहीं मिलेगी, मगर उनको उसी बेसिक रेट पर जमीन का मुआवजा दिया जा रहा है। इसके चलते वहां पर ग्रामीण लोग विरोध कर रहे हैं कि वहां पर रोड न बने। इससे लोगों का विस्थापन भी हो रहा है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि एक तो जो पहला फेज रांची से महुलिआ तक का है, उसको जल्द से जल्द पूरा किया जाए और दूसरा जो सेकंड फेज है, जिसमें जमीन का मुआवजा एक हजार रुपए से तेरह सौ रुपए प्रति डिस्मिल मिल रहा है इसको बढ़ाया जाए और जो दूसरी जगह का है, वह उसके अनुरूप दिया जाय। धन्यवाद।

**Construction of Komaravelli Mallana Sagar Project in Telangana**

**श्री मोहम्मद अली खान** (आंध्र प्रदेश): डिप्टी चेयरमैन साहब, मैं आपकी तवज्जो एक अहम मुद्दे की ओर ले जाना चाहता हूँ कि तेलंगाना के अंदर मल्लाना सागर का जो डैम बन रहा है, उसके तहत सरकार किसानों की पच्चीस हजार एकड़ जमीन ले रही है, लेकिन यह जो जमीन ली जा रही है, वह एक जीओ-123 के तहत एक्वायर करने की कोशिश की जा रही है। मैं आपके द्वारा सरकार से यह कहना चाहता हूँ कि इसके अंदर कई जिले मुतास्सिर हो रहे हैं। ऑलरेडी जो नया एक्विज़िशन एक्ट, 2013 में बना है, अगर उसके तहत अगर जमीन ली जाए, तो उनको मुआवजा मिलने में आसानी होगी। इसके साथ तेलंगाना सरकार द्वारा तीन दिन पहले किसान जो, खवातीन जो एहतिजाज कर रहे थे, उनके ऊपर लाठीचार्ज किया गया। लोग जख्मी हुए, हॉस्पिटल्स में कई लोग जख्मी होकर पड़े हुए हैं। मैं यह चाहता हूँ कि तेलंगाना सरकार 2013 का जो एक्ट है, उसको निग्लेक्ट करके, उसको ले-डाउन करके अपना जो जीओ किसानों के ऊपर लागू करना चाहती है, उसको रोका जाए, उनके साथ इंसाफ किया जाए।

†**جناب محمد علی خان (آندھرا پردیش):** ڈپٹی چیئرمین صاحب، میں آپ کی توجہ ایک اہم مدّعے کی اور لے جانا چاہتا ہوں کہ تلنگانہ کے اندر ملّانا ساگر کا جو ڈیم بن رہا ہے، اس کے تحت سرکار کسانوں کی پچیس ہزار ایکڑ زمین لے رہی ہے، لیکن یہ جو زمین لی جا رہی ہے، وہ ایک جی-او- 123 کے تحت ایکوائر کرنے کی کوشش کی جا رہی ہے۔ میں آپ کے ذریعے سرکار سے یہ کہنا چاہتا ہوں کہ اس کے اندر کئی ضلع متاثّر ہو رہے ہیں۔ آلریڈی جو نیا اکویزیشن ایکٹ، 2013 میں بنا ہے، اس کے تحت اگر زمین لی جائے، تو ان کو معاوضہ ملنے میں آسانی ہوگی۔ اس کے ساتھہ تلنگانہ سرکار کے ذریعے تین دن پہلے کسان جو، خواتین جو احتجاج کر رہے تھے، ان کے اوپر لاٹھی چارج کیا گیا۔ لوگ زخمی ہوئے، ہاسپٹلس میں کئی لوگ زخمی ہو کر پڑے ہوئے ہیں۔ میں یہ چاہتا ہوں کہ تلنگانہ سرکار 2013 کا جو ایکٹ ہے، اس کو نگلیکٹ کرکے، اس کو لے-ڈاؤن کرکے اپنا جو جی-او کسانوں کے اوپر لاگو کرنا چاہتی ہے، اس کو روکا جائے، ان کے ساتھہ انصاف کیا جائے۔

SHRI VIVEK K. TANKHA (Madhya Pradesh): Sir, I associate myself with the issue raised by the hon. Member.

† Transliteration in Urdu script.

SHRI PALVAI GOVARDHAN REDDY (Telangana): Sir, I too associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI ANANDA BHASKAR RAPOLU (Telangana): Sir, I too associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Andhra Pradesh): Sir, I too associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI P. BHATTACHARYA (West Bengal): Sir, I too associate myself with the issue raised by the hon. Member.

**श्री नीरज शेखर** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करता हूँ।

**कई माननीय सदस्यः** महोदय, हम भी स्वयं को इस विषय से सम्बद्ध करते हैं।

---

**12.00 Noon**

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

MR. CHAIRMAN *in the Chair.*

### शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को अनुमति दिया जाना

*106. **श्री विशम्भर प्रसाद निषादः** क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जिनमें शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति प्रदान की गई है;

(ख) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति देते समय क्या स्वदेश में वस्तुएं निर्मित करने और स्वदेश के लोगों को रोजगार देने जैसी बातों का कड़ाई से अनुपालन करने की शर्त रखी गई है; और

(ग) क्या शत-प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दिये जाने से देश के छोटे और मझोले रोजगार पर दुष्प्रभाव पड़ने की आशंका व्यक्त की जा रही है?

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारमण)ः** (क) से (ग) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

***विवरण***

(क) से (ग) सरकार ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए एक उदार तथा पारदर्शी नीति लागू की है जिसमें विनिर्माण क्षेत्र सहित अधिकांश क्षेत्र स्वदतः अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत 100 प्रतिशत एफडीआई प्राप्त कर सकते हैं। वास्ताविक रूप से विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए एफडीआई नीति में 'विनिर्माण' शब्द की व्याकरणिक रूपांतरणों के साथ, स्पष्ट परिभाषा उपलब्ध है जिसका अर्थ है – निर्जीव भौतिक वस्तु अथवा पदार्थ में परिवर्तन – (I) जिसके